श्री मेहुल मेहता जी ( प्रधान ) दिनांक. 19.06.2025

फैडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया

मुम्बई

विषय : उपाध्यक्ष रिपोर्ट

मान्यवर महोदय,

सर्वप्रथम मैं अपनी ओर से फैडरेशन के प्रति पुनः हृदय की गहराईयों से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझे फैडरेशन के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी।

यह मेरा परम सौभाग्य है कि आपने मुझे छह एसोसिएशनों का कार्यभार दिया जिसमें दिल्ली, राजस्थान, देहरादून, आगरा, नोएडा तथा मेरठ शामिल हैं। मैंने समय समय पर सभी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से संर्पक कर उनकी एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी लीं।

अध्यक्ष महोदय मैं अपके सम्मुख पिछली 2nd MC meeting के उपरांत दिल्ली एसोसिएशन द्वारा किए गए कुछ कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से संलेखित कर रहा हूँ तथा आशा करता हूँ कि ये कार्य आपकी आशा के अनुरूप होंगे :–

**फैडरेशन से प्राप्त सूचनाओं को सरकूलर के माध्यम से सभी सदस्यों को सूचित करना**

**भारत सरकार द्वारा समय समय पर दिए गए, जीएसटी पर महत्वपूर्ण अपडेट से सदस्यों को जागरूक रखना जिसमें से कुछ निम्न प्रकार से हैं :–**

बिक्री के संबंध में जारी किए गए क्रेडिट नोट का लाभ तब तक नहीं लिया जाएगा जब तक कि उक्त क्रेडिट नोट को जीएसटी पोर्टल पर आई0 एम0 एस0 के तहत वस्तुओं के प्राप्तकर्ता द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता।

आपको अपने जी0 एस0 टी0 आर0 2–B में आई0 टी0 सी0 के संबंध में दिखाई देने वाले किसी भी क्रेडिट नोट को स्वीकार या अस्वीकार करना होगा और इसे लंबित नहीं रखा जा सकता या अगले महीनों के लिए आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

**भारत सरकार द्वारा समय समय पर दिए गए, Income Tax पर महत्वपूर्ण अपडेट से सदस्यों को जागरूक रखना जिसमें से कुछ निम्न प्रकार से हैं :–**

- <u>इन्कम–टैक्स में छूट :</u> न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। न्यू टैक्स रिजीम में 20 से 24 लाख की इनकम के लिए 25% टैक्स का नया स्लैब भी शामिल किया गया है।
- <u>रेंट से होने वाली इनकम पर TDS छूट दोगुनी :</u> रेंट से होने वाली इनकम पर TDS की सीमा ₹ 2.4 लाख से बढ़कर ₹6 लाख हो गई है।

➢ **ट्रेड लाईसेन्स नवीनीकरण हेतु कैम्प :**

उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा ट्रेड लाईसेन्स नवीनीकरण हेतु सोमवार 28 अप्रैल 2025 को एसोसिएशन के कार्यालय में कैम्प लगाया गया। जिसमें लगभग 50 सदस्यों ने ट्रेड लाईसेन्स नवीनीकरण हेतु आवेदन कर कैम्प का लाभ लिया।

## Paper Technology Course :-

- पेपर मर्चेंट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में **Paper Technology Course** का आयोजन किया गया। पेपर टैक्नेलॉजी समिति की रिपोर्ट पर कार्यकारिणी के निर्णयानुसार दो दिन व एक रात का कार्यक्रम शनिवार दिनाँक 07–06–2025 एवं रविवार 08–06–2025 को **M/s. Naini Paper Ltd., Kashipur (Uttarakhand)** पर Visit व **Hotel The Manor, Kashipur** में नाइट स्टे के साथ सुनिश्चित किया गया। Paper Technology कोर्स में कागज उत्पादन विधि का अवलोकन व कागज से संबंधित Technical तथ्यों पर जानकारी दी गई। मै0 नैनी पेपर लि0 द्वारा स्टेट ऑफ आर्ट लेटेस्ट टैक्नोलोजी मशीन द्वारा अन्य कागजों के अलावा ओ0 जी0 आर0 पेपर, पार्चमेन्ट पेपर, बैरियर पेपर तथा स्पेशलिटि टिशुस के निर्माण का अवलोकन तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारीयाँ भी दी गई।

**पहलगाम (कश्मीर) में निर्दोष नागरिकों की हत्या पर बाजार बंद आवाहन –**

संस्था द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में निहत्थे एवं निर्दोष नागरिकों की अमानवीय और बर्बर हत्या पर गहरा शोक एवं आक्रोश व्यक्त किया गया। इस क्रूर कृत्य नें, न केवल व्यापारी समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया, बल्कि हर शांति प्रिय भारतीय के हदय को भी गहरा आघात पहुॅंचाया।

इस हदय विदारक हिंसा के विरोध में सभी व्यापारी भाईयों ने एकजुट हो कर **शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 को सम्पूर्ण बाजार तथा बंद रखा।** अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर दिवंगत पुण्यात्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजति अर्पितक की तथा यह स्पष्ट संदेश दिया कि हम सभी देशवासी एक हैं एवं ऐसे आतंकवादी कृत्य का किसी भी रूप से सहन नहीं किए जाएंगे।

**Principal Commissioner (Central GST) के साथ बैठक :–**

एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार दिनाँक 05 मई 2025 को माननीय श्री अनिल गोविल (Principal Commissioner, CGST) से उनके कार्यालय में मिले।

बठैक में व्यापारियों को आ रही जीएसटी सम्बन्धित समस्याओं से Commissioner महोदय को अवगत कराया गया। पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन (रजि0) के प्रतिनिधियों ने GST के पंजीकरण, भुगतान समय सीमा, अनुपालन के अधिक खर्चों तथा सिंगल GST लागू करने, संबंधित मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी तथा GST प्रक्रियाओं को सरल बनाने, चिंताओं को हल करने, तथा अधिक संपन्न अर्थव्यवस्था बनाने के लिए Principal Commissioner महोदय के साथ दृष्टिकोण साझा किया। बैठक बहुत ही सकारात्मक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई। Principal Commissioner महोदय ने व्यापारियों को समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया तथा व्यापारियों के दृष्टिकोण को संबंधित मंत्रालय तक पंहुचाने को आश्वस्त किया।

## माननीया मुख्यमंत्री के साथ ट्रेड वेलफेयर बोर्ड, वेयरहाउसिंग पॉलिसी एवं नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी बनाने के लिए बैठक

Confederation of All India Traders (CAIT) के तत्वाधान में, उपरोक्त विषय को लेकर, पुरानी दिल्ली की व्यापारिक संस्थाओं तथा आपकी एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार, 06 मई 2025 को माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी से मिलें। इस अवसर पर श्री प्रवीन खंडेलवाल (माननीय, सांसद), तथा श्री मनजीत सिंह सिरसा (कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार) भी उपस्थित रहे। बैठक में हमने व्यापारियों के हित मे आवश्यक ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के गठन, **बाहरी दिल्ली में स्थित कागज व्यापारियों के गोदामों को नियमित करने** की आवश्यकता बताते हुए, इस संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री महोदया को सौंपा। मुख्यमंत्री महोदया ने बताया कि **व्यापारी वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए, दिल्ली सरकार द्वारा, शीघ्र ही ट्रेड वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जायेगा और वेयरहाउसिंग पॉलिसी एवं नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी भी लाई जायेगी, जो निश्चित ही व्यापार को सरल, सुरक्षित और आधुनिक बनाएगी।**

## **Future of Paper- Tomorrow & Beyond** वैबिनार ( ऑनलाईन सैमिनार ) :–

पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन (रजि0) दिल्ली के तत्वाधान में "Future of Paper"- Tomorrow & Beyond विषय पर **वैबिनार (ऑनलाईन सैमिनार) का सफल आयोजन रविवार, 18 मई 2025 को** किया गया। वैबिनार में न केवल दिल्ली राज्य से अपितु भारत वर्ष से लगभग 190 व्यापारियों ने भाग लिया। वर्तमान समय में संवेदशील विषयों व भविष्य से संबंधित मुख्य बिन्दुओं जैसे **International Tariff war, Minimum Import Price, Anti-Dumping Duty,** व्यापार के बदलते तरीको आदि विषयों पर अपने अपने अनुभवी विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में सदस्यों के लिए Question & Answer का भी समय रखा गया।

## पेपर मर्चेन्ट्स एसोसिएशन छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार :

विगत वर्षों की भाँति एसोसिएशन द्वारा सदस्यों के कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा में प्रोत्साहन देने हेतु **''पी.एम.ए. छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार योजना''** का आयोजन किया गया। योजना के अन्तर्गत **कम्प्यूटर टैबलेट** , **वर्ष 2025 के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में न्यूनतम 85 प्रतिशत से उत्तीर्ण होने वाले** होनहार छात्रों **को पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए।**

प्रमोद जैन

प्रमोद जैन
उपाध्यक्ष
फैडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशनस ऑफ इण्डिया